# एन टी पी सी लिमिटेड

एनटीपीसी NTPC

**(भारत सरकार का उद्यम)**

**पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**

**सीआईएन : L40101DL1975GOI007966, वेबसाइट : www.ntpc.co.in**

## विज्ञापन सं. 03/25

एनटीपीसी लिमिटेड 77,393 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है और विद्युत उत्पादन के व्यापार की पूर्ण मूल्य श्रृंखला में इसकी मौजूदगी है। हमारे देश की विकास संबंधी चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनटीपीसी को अपनी परियोजनाओं/स्टेशनों पर स्थित चिकित्सालयों के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **जीडीएमओ/चिकित्सा विशेषज्ञ** की आवश्यकता है :

| पद का नाम/ विशेषज्ञता | रिक्तियाँ | अपेक्षित योग्यता [योग्यता राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (पूर्व में भारतीय चिकित्सा परिषद्) द्वारा मान्यता प्राप्त हो] |
|---|---|---|
| जीडीएमओ | 20 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एमबीबीएस |
| फिजिशियन | 25 | जनरल मेडिसन में एमडी/डीएनबी |
| पेडिअट्रिशन | 10 | पेडिएट्रिक्स में एमडी/डीएनबी या एमबीबीएस के साथ बाल स्वास्थ्य में पीजी डिप्लोमा |
| रेडियोलॉजिस्ट | 4 | रेडियोलॉजी में एमडी/डीएनबी या एमबीबीएस के साथ रेडियोलॉजी में पीजी डिप्लोमा |
| ऑर्थोपेडिक्स | 6 | ऑर्थोपेडिक्स में एमडी/डीएनबी या एमबीबीएस के साथ ऑर्थोपेडिक्स में पीजी डिप्लोमा |
| ओफ्थल्मोलॉजिस्ट | 4 | ओफ्थल्मोलॉजी में एमडी/एमएस/डीएनबी या एमबीबीएस के साथ ओफ्थल्मोलॉजी में पीजी डिप्लोमा |
| ओ एंड जी | 10 | ओ एंड जी में एमडी/एमएस/डीएनबी या एमबीबीएस के साथ ओ एंड जी में पीजी डिप्लोमा |
| ईएनटी | 2 | ईएनटी में एमडी/एमएस/डीएनबी या एमबीबीएस के साथ ईएनटी में पीजी डिप्लोमा |

**जीडीएमओ हेतु अपेक्षित अनुभव :**

एमबीबीएस के पश्चात् न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव/प्रेक्टिस (इंटर्नशिप ट्रेनिंग की अनुभव के रूप में गणना नहीं की जाएगी)।

**चिकित्सा विशेषज्ञ हेतु अपेक्षित अनुभव :**

**ई4 ग्रेड हेतु :** एमडी/एमएस/डीएनबी के पश्चात् न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव/प्रेक्टिस।

**ई3 ग्रेड हेतु :** फ्रेश एमडी/एमएस/डीएनबी या एमबीबीएस तथा संबद्ध विशेषज्ञता में पीजी डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् 02 वर्ष का अनुभव/प्रेक्टिस।

**नोट :** एमडी/एमएस/डीएनबी योग्यता के साथ ई3 ग्रेड में नियुक्त अभ्यर्थियों को 01 वर्ष के अनुभव के पश्चात् ग्रेड 4 में पदस्त किया जाएगा।

**ऊपरी आयु सीमा :** 37 वर्ष

**भर्ती का स्तर/वेतनमान :**

**जीडीएमओ हेतु :** ई2 ग्रेड/(रु. 50,000-1,60,000)

**चिकित्सा विशेषज्ञ हेतु :** ई4 ग्रेड/(रु. 70,000-2,00,000) एवं ई3 ग्रेड/(रु. 60,000-1,80,000)

इसके अतिरिक्त, समय-समय पर लागू कंपनी के नियमों के अनुसार डीए, अन्य सुविधाएं और भत्ते, एचआरए/कंपनी आवास, चिकित्सा सुविधाएं, पीआरपी, समूह बीमा, टर्मिनल लाभ आदि।

**रिक्तियाँ :**

| विशेषज्ञता | अजा | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | अजा | अजजा | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जीडीएमओ | 08 | 02 | 08 | 02 | 00 | 20 |
| फिजिशियन | 10 | 02 | 08* | 03 | 02 | 25 |
| ओ एंड जी | 06 | 01 | 03 | 00 | 00 | 10 |
| पेडिअट्रिशन | 07 | 01 | 02 | 00 | 00 | 10 |
| ओफ्थल्मोलॉजिस्ट | 03 | 00 | 01 | 00 | 00 | 4 |
| ईएनटी | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 2 |
| रेडियोलॉजिस्ट | 03 | 00 | 01 | 00 | 00 | 4 |
| ऑर्थोपेडिक्स | 05 | 00 | 00 | 01 | 00 | 6 |

*फिजिशियन के पद हेतु 02 ओबीसी बैकलॉग रिक्तियाँ हैं। उपरोक्त तालिका में दर्शायी गयी रिक्तियाँ मौजूदा रोस्टर पदों के अनुसार हैं।

सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण होगा।

एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकानुसार उपरोक्त अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या बढ़/घट सकती है।

चिन्हित की गई निःशक्तता के प्रकार : क) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (नॉन सर्जिकल कार्य) ख) एसएलडी, ग) एमडी जिसमें (क) से (ख) शामिल हैं।

**स्वास्थ्य :**

अभ्यर्थियों को कार्यभार संभालने से पहले एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड/अधिकारी द्वारा चिकित्सीय परीक्षा से गुजरना होगा और उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा। स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी। चिकित्सा के विस्तृत मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं। अतः, सभी आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे आवेदन करने से पूर्व चिकित्सा मानदंड देख लें।

**दस्तावेजों को अपलोड करना :**

सभी अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगेः

i. नाम और जन्म तिथि प्रमाण के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं उत्तीर्णता प्रमाण पत्र/मार्कशीट।

ii. आधार कार्ड और पैन कार्ड

iii. एमबीबीएस/एमडी/एमएस/डीएनबी/डिप्लोमा – डिग्री सहित सभी मार्कशीट (*जिन अभ्यर्थियों की एमबीबीएस डिग्री किसी विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान से है, उन्हें भारत में पाठ्यक्रम/डिग्री की मान्यता स्थापित करने हेतु एनबीई से डिग्री समकक्ष प्रमाण पत्र/उत्तीर्ण प्रमाण पत्र अपलोड अनिवार्य है)

iv. इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र

v. वैध चिकित्सा पंजीकरण प्रमाण पत्र

vi. जाति/दिव्यांगता प्रमाण पत्र (अजा/अजजा/ओबीसी–एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए) जैसा लागू हो। ओबीसी–एनसीएल प्रमाण पत्र चालू वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) के लिए केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए।

vii. ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में चालू वर्ष की आय और संपत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा अर्थात प्रमाण पत्र वित्त वर्ष 2023-24 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वैध होना चाहिए।

viii. विकलांगता प्रमाण पत्र स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन तैयार किए गए नवीनतम निर्धारित केंद्रीय सरकार के प्रारूप के अनुसार होना चाहिए (जिसमें दिव्यांगता का प्रकार और प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो) तथा यह इस विज्ञापन में दर्शाए गए पदों के लिए चिन्हित दिव्यांगता के अनुरूप होना चाहिए।

ix. वर्तमान नियोक्ता से रिलीविंग लेटर (यदि लागू हो) सहित आपकी योग्यता पश्चात् अनुभव के समर्थन में दस्तावेज। इसके अलावा, अनुभव दस्तावेज कालानुक्रमिक क्रम में होने चाहिए और इसमें अनुभव की प्रकृति को दर्शाने वाला अनुभव प्रमाण पत्र, साथ ही नियुक्ति पत्र, ऑफर लेटर, प्रशिक्षण/इंटर्नशिप पूरा करने पर पुष्टि पत्र/आदेश, यदि कोई हो, पदोन्नति आदेश, सेवा प्रमाण पत्र, अभ्यर्थी के कार्यकाल और अनुभव की प्रकृति को प्रमाणित करने के लिए प्रति वर्ष 02 वेतन पर्ची जैसे दस्तावेज शामिल होने चाहिएं।

**नोट- अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करने चाहिए। अधूरे/अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा/आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा।**

**सामान्य शर्तें :**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (पूर्व में भारतीय चिकित्सा परिषद्) द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिएं।
3. आयु/अपेक्षित अनुभव/योग्यता की सभी गणनाएँ विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के संदर्भ में की जाएंगी। परिणाम की घोषणा/मार्कशीट जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। किसी पद/स्तर पर योग्यता के बाद का अनुभव केवल उक्त तिथि से ही गिना जाएगा।
4. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन आवश्यकतानुसार ऑनलाइन स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्टिंग/चयन परीक्षा आयोजित करने या न्यूनतम पात्रता मानकों/मापदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। जीडीएमओ पदों के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के समय परीक्षा केंद्रों के लिए अपनी पसंद दर्शाना आवश्यक है। एनटीपीसी प्रतिक्रिया/व्यवहार्यता के आधार पर परीक्षा केंद्रों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
5. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी से वैध ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/अजा/अजजा/निःशक्तता प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जहाँ ऐसी किसी श्रेणी के लिए रिक्ति चिन्हित की गई है, वहाँ ऊपरी आयु सीमा में अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष, ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 10 वर्ष की छूट दी गई है। भूतपूर्व सैनिकों को आयु में छूट सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएगी।
6. कंपनी के पास, आवश्यकता के आधार पर किसी तरह की सूचना दिए बिना तथा कोई कारण बताए बिना, यदि आवश्यकता होती है तो, रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
7. पोस्टिंग एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों में होगी। सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार पर स्थानांतरणीय हैं।
8. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है तथा प्रस्तुत विवरण सभी तरह से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य(यों) को छुपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएँ बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में सिफारिश करने से अभ्यर्थी अयोग्य हो जाएगा।
9. एक अभ्यर्थी द्वारा महज विज्ञापन के प्रति आवेदन जमा किए जाने और विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा करने से उसे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए निश्चित रूप से बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता।
10. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले और/या इसके उत्तर में आवेदन के संबंध में कोई कार्रवाई केवल दिल्ली में की जा सकती है और ऐसे किसी भी कारण/विवाद के मुकदमे का एकमात्र और विशिष्ट न्यायाधिकार क्षेत्र केवल दिल्ली की अदालतों/ट्रिब्यूनल/मंचों के पास होगा।
11. यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें :**

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** पर करियर्स सेक्शन देखें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के वापस आ जाने (बाउंसिंग बैक) के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों को 300/- रुपए के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। **अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।**

**<u>ऑफलाइन विधि में भुगतान</u>** : एनटीपीसी की ओर से भारतीय स्टेट बैंक को सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोड : 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते (खाता सं. **30987919993**) में आवेदन शुल्क लेने के लिए अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी को "पे-इन-स्लिप", जो कि आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है, के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। आबंटित खाते में राशि को उचित तरीके से जमा करने के लिए केवल पोर्टल से मुद्रित की गई पे-इन-स्लिप का उपयोग शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक एक यूनिक जर्नल नंबर और राशि प्राप्त करने वाले बैंक का ब्रांच कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और ब्रांच कोड अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भरना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो उसके लिए एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगा।

**<u>ऑनलाइन विधि में भुगतान</u>** : अभ्यर्थियों के पास शुल्क का ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) भुगतान करने का भी विकल्प है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में उपलब्ध होगा।

**एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।** इसलिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों को सत्यापित कर लें। **ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, अभ्यर्थी को सिस्टम द्वारा विशिष्ट आवेदन संख्या के साथ तैयार की गई आवेदन पर्ची को डाउनलोड करना आवश्यक है।** भविष्य के संदर्भ के लिए अभ्यर्थी को आवेदन पर्ची की प्रति अपने पास रखनी चाहिए। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पात्र अभ्यर्थी पूरे विज्ञापन को पूरी तरह पढ़ लें और पद हेतु आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। अन्य कोई अनुशेष/शुद्धिपत्र/अद्यतन जानकारी केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 13.02.2025**

**ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि : 27.02.2025**

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

Size : 25(W) x 38(H) = 950 Sq.cm